दिन–रविवार दिनांक– 04 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानन्द राय ने कहा है कि केन्द्रीय बजट से राज्य में पर्यटन का विकास होगा और रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे। श्री राय ने पटना में भाजपा प्रदेश मुख्यालय में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अथक प्रयास से बजट में बिहार के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में बाढ़ की समस्या के समाधान के लिए बजट में ग्यारह हजार पाँच सौ करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही ब्याज मुक्त पन्द्रह हजार करोड़ रूपयें की अतिरिक्त सहायता भी बिहार को दी जायेगी।

————————————————————————

केन्द्रीय जल शक्ति राज्यमंत्री राजभूषण निषाद ने कहा है कि मोदी सरकार गंगा को स्वच्छ और निर्मल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री निषाद ने बक्सर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि गंगा में गिरने वाले नालों के गंदे पानी को साफ करने के लिए जल्द ही सर्वे कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि मंत्रालय की टीम जल्द ही इस संबंध में डीपीआर बनाकर बक्सर जिला प्रशासन को भेजेगी। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि जिले में सिंचाई की कई परियोजनाओं को पूरा करने के लिए उनका मंत्रालय राशि उपलब्ध करा रहा है।

————————————————————————

बिहार पुलिस ने पटना में मुख्यमंत्री कार्यालय को उडाने की धमकी वाले ई–मेल मिलने के सिलसिले में मामला दर्ज किया है। यह ई–मेल पिछले महीने की सोलह तारीख को मुख्यमंत्री आवास के अधिकारिक मेल पर प्राप्त हुआ था। सचिवालय थानाध्यक्ष संजीव कुमार के बयान के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई थी। ई–मेल भेजने वाले ने आतंकवादी संगठन अलकायदा का सदस्य होने का दावा किया है।

प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि ई–मेल भेजने वाले व्यक्ति ने अपने परिचित कुछ लोगों को फंसाने की साजिश रची थी। पुलिस ने दावा किया है कि ई–मेल भेजने वाले व्यक्ति की पहचान कर ली गई है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

————————————————————

मानसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान कटिहार के मंसाही में सबसे अधिक पंचानवें मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। वहीं, पूर्णियां के बनमनखी में एकसठ दशमलव दो, भभुआ के अधवारा में अंठावन दशमलव आठ, औरंगाबाद के कुटुम्बा में सैंतालीस दशमलव छह और बांका में तैंतालीस मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। विभाग ने अगले पाँच दिनों तक राज्य के अधिकांश भागों में बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। मौसम विभाग ने अगले अड़तालीस घंटों के दौरान किशनगंज, अररिया, भागलपुर, सीतामढ़ी, मधुबनी, पूर्वी और पश्चिम चंपारण जिले के कुछ स्थानों में भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है।

————————————————————

नवादा में चौदह लोगों की जहरीली शराब से मौत के मामले में फरार पचास हजार रुपये के इनामी आरोपित पिंकू उर्फ चंदन यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वर्ष दो हजार इक्कीस में नवादा नगर थाने के गोंदपुर और बुधौली इलाके में जहरीली शराब पीने से चौदह लोगों की मौत हो गई थी। इस मामले में शामिल अधिकांश अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था लेकिन पिंकू तब से फरार था, जिसे पुलिस ने नवादा जिले के रजौली थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है।

————————————————————

शेखपुरा जिले के चेवाड़ा थाना के बहुआरा गांव में साइबर अपराधियों ने एक सीएसपी संचालक के खाते से एक लाख छप्पन हजार रूपये उड़ा लिए। वहीं जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अभियान चला कर पाँच शराब कारोबारियों को गिरफ्तार किया है।

नवादा पुलिस ने अंतर जिला वाहन चोर गिरोह के तीन अपराधियों को चोरी की नौ मोटरसाईकिल के साथ गिरफ्तार किया है।

समाप्त